कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय सीधी(म.प्र.)

क्रं:–619 /जिविसेप्रा/26 सीधी, दिनॉक 16 /11/2026

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा ग्रामों/तहसीलों/जिले में स्थापित किये जाने वाले लीगल एड क्लीनिक पुलिस थानों में समाज के कमजोर पिछड़े तथा पीड़ित व्यक्तियों को सहायता एवं सलाह व गुमशुदा बच्चों की मदद करने हेतु तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के कार्य योजना के क्रियान्वयन में सहयोग के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी हेतु पैरालीगल वॉलेंटियर्स का एक वर्ष के लिये चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

विशेष नोटः–

1–पैरालीगल वॉलेंटियर्स का कार्य पूर्णत सेवा का कार्य है, नौकरी नहीं इसके लिये कोई वेतन/मजदूरी देय नहीं है। राज्य प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय–समय पर निर्धारित मानदेय पैरालीगल वॉलेंटियर को देय होगा।

2– आयु सीमा– किसी भी आयु का कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है बशर्ते स्वस्थ हो और उसमें किसी भी प्रकार का ऐसा कोई शारीरिक दोष न हो जो उसे कार्य करने के लिये अक्षम बनाता है।

3– शैक्षणिक योग्यता– कम से कम 12वी कक्षा उत्तीर्ण हो।

4. निम्न समूहों के व्यक्तियों को चयन में प्राथमिकता दी जावेगी।

शिक्षक जिसमें रिटायर्ड शिक्षक भी शामिल है, रिटायर्ड सरकारी सेवक एवं वरिष्ठ नागरिक, एमएस.डब्लू, स्टूडेन्ट व शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, स्टूडेंट और लॉ स्टूडेंट जो अधिवक्ता के रूप में नामांकित न हो, एन.जी.ओ. एवं क्लब के सदस्य, महिला समूहों मैत्री संघो, स्व सहायता समूहों के सदस्य, जेल में अच्छे व्यवहार के लम्बी सजा प्राप्त कैदी।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर उसके साथ एक पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न कर दिनांक 30/ 11 /2026 के सायं 5:00 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के कार्यालय में जमा किया जा सकेगा। आवेदन पत्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय सीधी के पते पर डाक कोरियर द्वारा भी प्रेषित किया जा सकता है अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

चयन प्रक्रिया–

जिला न्यायालय सीधी में चयन कमेटी के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों में से अर्हता रखने वाले उम्मीद्वारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु पृथक से सूचना जारी किया जावेगा। चयन कमेटी को किसी भी उम्मीदवार का आवेदन रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा कमेटी का निर्णय अंतिम होगा।

(माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)

संलग्नः– निर्धारित आवेदन पत्र।

जिला न्यायाधीश/सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला सीधी(म.प्र.)

आवेदन–पत्र

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी म0प्र0 मे पैरालीगल वालेन्टियर चयन हेतु आवेदन–पत्र

प्रति,

श्रीमान सचिव महोदय,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जिला–सीधी म0प्र0

Recently Photo

महोदय,

सादर निवेदन है कि मै प्रार्थी/प्रार्थिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीधी द्वारा संचालित पैरालीगल वालेन्टियर्स योजना से जुडकर पैरालीगल वालेन्टियर बनना चाहता/चाहती हूँ तथा मैं, विधिक सेवा के क्षेत्र में स्वेच्छया अपना समय योगदान एवं सेवा कार्य करने के लिए सहमत हूँ। मेरी व्यक्तिगत जानकारी इस प्रकार से है:–

1. पूरा नाम : .....
2. पिता/पति का नाम : .....
3. उम्र, जाति एवं धर्म : .....
4. व्यवसाय (वर्तमान) : .....
5. प्राप्त शिक्षा एवं अन्य योग्यता : .....
6. वर्तमान कक्षा व महाविद्यालय : .....
7. सामाजिक कार्यानुभव : .....
8. विशिष्ट उपलब्धि एवं कार्य : .....
   : .....
9. स्थायी निवास का पूरा पता : .....
   : .....
   जिला..... म0प्र0 पिन–.....
10. पत्राचार का पूरा पता : .....
    : .....
    जिला..... म0प्र0 पिन–.....
11. दूरभाष नंबर/मोबाईल नंबर
    मोबाईल नबर...../.....
    एसटीडी कोड.....दूरभाष.....
    E-Mail DI.....
12. कौन से ग्राम पंचायत/जनपद में कार्य करना चाहते है। :.....

यह कि मै जानता/जानती हूँ कि पैरालीगल वालेन्टियर का कार्य पूर्णतः सेवा कार्य है, नौकरी नही है। मै स्व–घोषित करता/करती हूँ। किसी भी सक्षम न्यायालय द्वारा मेरे विरूद्ध न तो कोई दोषसिद्धी हुई है और ना ही वर्तमान में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है। उपरोक्तानुसार दी गई जानकारी सत्य एवं विश्वास करने योग्य है।

संलग्नः–

1. शैक्षाणिक योग्यता से संबधित प्रमाण–पत्र
2. आधार/मतदाता परिचय पत्र।
3. सामाजिक, कार्यानुभव का प्रमाण पत्र।
4. विशिष्ट उपलब्धि या कार्य से संबंधित प्रमाण पत्र।
5. एक अतिरिक्त पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
6. अन्य प्रमाण–पत्र(.....)।

स्थानः– .....
दिनांक :– .....

आवेदक/आवेदिक के हस्ताक्षर